हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 21 मई 2026

तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 32.0 डिग्री



निरीक्षण में सफाई व बिजली की नहीं मिली... 10



योगासन, प्राणायाम, ध्यान व सूक्ष्म व्यायाम.... 10




## खबर संक्षेप

### दो को घायल करने पर छह के खिलाफ केस

**जींद।** गांव पेगां के निकट रंजिशन कुछ युवकों ने बाइक सवार दो युवकों पर हमला कर घायल कर दिया। अलेवा थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर एक युवक को नामजद कर पांच अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव पेगां निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उनकी गांव के ही बलवान के साथ कहासुनी हो गई थी। गत दिवस वह अपने चचेरे भाई गुलशन के साथ बाइक पर सवार होकर अलेवा आ रहा था।

### 264 कैन व 192 बीयर की बोतल समेत आरोपी दबोचा

**जींद।** गांव धड़ौली निवासी अशोक उर्फ शोकी को सीआईए पुलिस जींद ने 264 कैन व 192 बीयर की बोतल समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जिस गाड़ी में बीयर लेकर जाई जा रही थीए उसे भी इंपाउंड कर लिया। सीआईए प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि उनकी टीम मंगलवार शाम को गांव भागखेड़ा बस अड्डे के आसपास मौजूद थी।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** जम्मू-कटडा नेशनल हाइवे पुल गांव बनियाखेड़ा के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर फरार वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव बरहाखुर्द निवासी अंकित (22) चंडीगढ़ रैपिडो कंपनी में काम करता था। बीती देर शाम वह नेशनल हाईवे 152डी के रास्ते बाइक पर सवार होकर घर वापस लौट रहा था। जब वह जम्मू-कटडा नेशनल हाइवे पुल के पास पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

### गांव भूरायण में मारपीट करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव भूरायण में कहासुनी के चलते मारपीट करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव भूरायण निवासी महेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के सतीश तथा राकेश से कहासुनी हो गई। जिस पर दोनों भाइयों ने उसके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सतीश तथा राकेश के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ठेके का शटर उठा साढ़े 33 हजार रुपये उड़ाए

**जींद।** सफीदों के खानसर चौक पर बीती रात चोरों ने शराब ठेके के एक साइड का शटर उठा कर साढ़े 33 हजार रुपये की चोरी कर ली। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शराब ठेकेदार की शिकायत पर अज्ञात दो युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। डिडवाड़ा निवासी महाबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने सफीदों के खानसर चौक पर शराब ठेका खोला हुआ है। देर रात वह शराब ठेके को बंद कर सोने चला गया। पीछे से चोरों ने शराब ठेके के शटर को साइड से उठा कर गल्ले में रखे साढे 33 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### सरकारी खाल जेसीबी से उखाड़ी , दो नामजद

**जींद।** गांव उचाना खुर्द में जेसीबी की सहायता से सिचाई खाल तोडने पर उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। सिंचाई विभाग के एसडीओ अमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विभाग द्वारा खेतों की सिंचाई के लिए पक्की खाल बनाई गई थी। गत दिवस गांव उचाना खुर्द निवासी दलबीर तथा सिल्लू ने जेसीबी की सहायता से खाल को तोड़ दिया। जिसके चलते अगले खेतों की सिंचाई प्रभावित हो गई।

### निजी और नागरिक अस्पतालों के अंदर संचालित मेडिकल स्टोर तथा जन औषधि केंद्र खुले रहे

# जींद में केमिस्टों के बंद का रहा मिला जुला असर

# अस्पतालों में दवाइयों की खिड़की पर रही भीड़

### कीमतों पर नियंत्रण, अवैध रूप से चल रहे स्टोरों पर कार्रवाई की मांग

**1300 की दुकानों में से एक हजार कैमिस्ट की दुकानें बंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को जींद जिला में केमिस्टों ने अपनी मांगों को लेकर दुकानें बंद रखी। हालांकि दुकानें बंद रखने का आमजन पर व्यापक असर देखने को नही मिला। बावजूद इसके ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को दवाइयां खरीदने में कुछ परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि निजी अस्पतालों और नागरिक अस्पतालों के अंदर संचालित मेडिकल स्टोर तथा जन औषधि केंद्र खुले रहे। जहां दवाइयों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिले भर में केमिस्टों की लगभग 70 प्रतिशत से अधिक दुकानें बंद रही। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार से लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर यह बंद किया गया है। इन मांगों में दवाइयों की कीमतों पर नियंत्रण, फार्मासिस्टों की सुरक्षा अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोरों पर कार्रवाई और विभिन्न योजनाओं में कैमिस्टों को शामिल करने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं। प्रधान अरविंद जैन ने कहा कि आल इंडिया की कॉल है। जिस पर केमिस्टों ने अपनी-अपनी दुकानों को बंद रखा है। ऑनलाइन फार्मेसी को बंद किया जाए। ऑनलाइन फार्मेसी का कोई सिस्टम नही है। इसका कोई बिल नही आता है। इसमें नशे की दवाओं को भी ऑनलाइन सेल किया जाता है। जिला में लगभग 1300 कैमिस्टों की दुकानें हैं। जिनमें से एक हजार दुकानें बंद हैं। दयानंद शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन फार्मेसी केमिस्टों को दिक्कत आ रही है। एक्सपायर दवाएं भी लोगों तक पहुंच रही है। इमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए दुकानें खोली भी जा रही हैं ताकि दवाओं के बिना किसी व्यक्ति को कोई परेशानी न हो। दवाओं को व्यवसाय खत्म करने का सरकार काम कर रही है। जिसे किसी सूरत में नही होने दिया जाएगा। कहा कि आपातकालीन दवाइयों के लिए ही कुछ दुकानें खुली रखी थी लेकिन सामान्य व्यवसाय बंद रखा गया है।



जींद। गोहाना रोड पर दुकानें बंद कर रोष व्यक्त करते केमिस्ट।



जींद। नागरिक अस्पताल में दवा खिड़की पर दवा के लिए लोगों की भीड़।

**बाजारों में मेडिकल स्टोरों के शटर बंद दिखे**

बंद के कारण बाजारों में मेडिकल स्टोरों के शटर बंद दिखे। मरीजों और उनके परिजनों को निजी अस्पतालों या दुकानों से दवाइयां खरीदने के लिए काफी दूर जाना पड़ा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग सबसे अधिक प्रभावित हुए। कई लोगों ने बताया कि उन्हें महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ीं या फिर अस्पतालों तक पहुंचना पड़ा। नागरिक अस्पताल जींद में जन औषधि केंद्र पर सुबह से ही भीड़ नजर आई। सुनील कुमार ने कहा कि मेरी पत्नी की दवा खत्म हो गई थी। बाहर की दुकानें बंद थी। इसलिए यहां आना पड़ा। सुबह से लाइन लगी हुई है और काफी इंतजार के बाद ही दवा मिल पाई है। वो भी पूरी दवाएं नही मिली है।

**अतिरिक्त स्टाफ तैनात :डा. भोला**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि अस्पताल प्रशासन ने बंद के मद्देनजर अतिरिक्त फार्मेसी स्टाफ पहले ही तैनात किया गया था ताकि मरीजों को दवाइयां उपलब्ध कराई जा सकें। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से भी दवाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।





कैथल। हड़ताल के दौरान नारेबाजी करते केमिस्ट। फोटो :हरिभूमि

### ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में मेडिकल स्टोर रहे बंद

**कैथल।** ऑल केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (एएससीडी) के आह्वान पर मंगलवार को जिलेभर में मेडिकल स्टोर बंद रहे। बाजारों के साथ-साथ प्राइवेट अस्पतालों में संचालित केमिस्ट की दुकानें भी पूरी तरह बंद रखी गईं। केवल प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र और सरकारी अस्पतालों से ही मरीजों को दवाइयां मिल सकीं। बता दें कि देशव्यापी हड़ताल के तहत पूरे भारत में करीब साढ़े 12 लाख केमिस्ट हड़ताल पर रहे। वहीं, जिले में करीब एक हजार केमिस्टों ने हड़ताल का समर्थन किया। केमिस्ट एसोसिएशन के जिला उप प्रधान प्रदीप शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन फार्मेसी, नकली दवाओं की बढ़ती बिक्री और कॉरपोरेट कंपनियों द्वारा भारी डिस्काउंट दिए जाने से छोटे मेडिकल स्टोर प्रभावित हो रहे हैं। सरकार से इन पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की गई है। कैथल शहर में करीब 80 प्रतिशत मेडिकल स्टोर बंद रहे। हालांकि मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए कई स्थानों पर इंडोर काउंटर और जरूरी सेवाएं चालू रखी गईं। हड़ताल दौरान पिहोवा चौक पर बड़ी संख्या में केमिस्ट एकत्रित हुए। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर महामंत्री प्रदीप सोनू सेठ, मीडिया कोऑर्डिनेटर कमल किशोर अग्रवाल सहित कई केमिस्ट मौजूद रहे।

## दो खाद विक्रेताओं के लाइसेंस नियमों की अनदेखी पर सात दिन के लिए सस्पेंड

■ निरीक्षण में रिकॉर्ड, बिल और लाइसेंस संबंधी कमियां मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा जिले में खाद विक्रेताओं की जांच लगातार की जा रही है। इसी दौरान विभाग की संयुक्त टीम ने निरीक्षण में नियमों की अनदेखी पाए जाने पर दो खाद विक्रेताओं के लाइसेंस सात दिन के लिए तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिए हैं। कृषि विभाग के उपनिदेशक गिरीश नागपाल ने बताया कि एसडीओ जींद और क्यूसीआई जींद की टीम ने गांव रामराये स्थित एमएस जय दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान नया लाइसेंस एमएफएमएस पोर्टल पर अपलोड नहीं मिला। स्टॉक रजिस्टर सही तरीके से मेंटेन नही था। मौके पर बिल और कैश मेमो भी प्रस्तुत नहीं किए गए। इसके अलावा स्टॉक बोर्ड नहीं लगा हुआ था तथा प्रतिष्ठान एक्सपायर लाइसेंस पर चलता पाया गया। इसी प्रकार एमएस चौधरी बारू राम बीज भंडार का निरीक्षण किया गया। यहां भी जांच में इसी तरह की कमियां सामने आईं। नया लाइसेंस पोर्टल पर अपलोड नहीं था। स्टॉक रजिस्टर सही नही मिला। बिल, कैश मेमो उपलब्ध नहीं कराए गए और स्टॉक बोर्ड भी नहीं लगा हुआ था। निरीक्षण के समय प्रतिष्ठान एक्सपायर लाइसेंस पर संचालित पाया गया। उन्होंने बताया कि इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए विभाग ने दोनों प्रतिष्ठानों के खाद लाइसेंस सात दिनों के लिए तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिए हैं। विभाग ने कहा कि किसानों के हितों की सुरक्षा और खाद की बिक्री में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहेंगी।

## तीन बस मालिकों को लगाया साढ़े 58 हजार जुर्माना

■ बिना रूट परमिट की परिवहन समिति बसों को किया इम्पाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सीएम फ्लाइंग तथा आरटीए विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार को नरवाना में औचक दस्तक देकर बिना परमिट के चल रही परिवहन समिति बसों को इम्पाउंड किया है। बसों में प्रेशन होर्न लगे हुए थे। चालक तथा परिचालक भी बिना वर्दी के मिले। जिस पर आरटीए विभाग ने तीनों परिवहन समिति बसों को साढ़े 58 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। सीएम फ्लाइंग ने जांच की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि नरवाना में कुछ रूटों पर बिना परमिट के परिवन समिति बसें चल रही हैं। जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। जिसके आधार पर सीएम फ्लाइंग के इंसपेक्टर रोहताश के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। जिसमें सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर बिजेंद्र, पवन तथा चरण सिह को शामिल किया गया। जबकि आरटीए विभाग के इंसपेक्टर बलजीत सिंह भी टीम मे शामिल हुए। टीम ने नरवाना के आउटर पर आने जाने वाली परिवहन समिति बसों पर नजर रखनी शुरू कर दी। टीम ने किठाना से नरवाना आ रही परिवहन समिति बस को रूकवा कर रूट परमिट मांगा तो वह नही मिला। फिर टीम ने नरवाना-सुरबूरा रूट पर चल रही परिवहन समिति बस को रूकवा कर जांच की तो उसके पास भी रूट परमिट नही मिला। फिर टीम ने नरवाना से किठाना जा रही परिवहन समिति बस को रूकवा कर जांच की तो उसके पास भी रूट परमिट नही मिला। तीनों बसों में प्रेशर हार्न लगे पाए गए। तीनों बसों के चालक तथा परिचालकों ने वर्दी नही पहनी हुई थी। जिस पर आरटीए विभाग ने तीनों बसो को इम्पाउंड कर उन्हें साढ़े 58 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इम्पाउंड की गई बसों को नरवाना के बस अड्डे में खड़ा किया गया है।

**आरटीए विभाग कर रहा कार्रवाई**

सीएम फ्लाइग के इंसपेक्टर रोहताश ने बताया कि तीनों बसे बिना रूट परमिट के चल रही थी। प्रेशर होर्न भी लगे हुए थे। बिना वर्दी के चालक तथा परिचालक थे। बसो को इम्पाउंडड किया गया है। आरटीए विभाग आगामी कार्रवाई कर रहा है।





राजौंद। स्थित राजकीय महाविद्यालय का भवन।

### राजकीय कॉलेज में ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया मंगलवार से आरम्भ हो गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अपील की है।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहतास नैन ने बताया कि हरियाणा सरकार के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया 7 मई 2026 से शुरू हो चुकी है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए कॉलेज परिसर में एक कंप्यूटर सेल का गठन किया गया है, जहां वे निःशुल्क अपने आवेदन भर सकते हैं। कहा कि राजकीय महाविद्यालय राजौंद क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण, अनुशासित एवं उन्नत शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां सभी विषयों के योग्य प्रोफेसर कार्यरत हैं, जो विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। दाखिला कमेटी के संयोजक राम मेहर ने भी क्षेत्रवासियों से अपील करते कहा कि विद्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा के अवसर का लाभ उठाएं।

## हनीट्रैप में फंसाकर छह लाख रुपये ऐंठने के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

सीआइए स्टाफ नरवाना ने हनी ट्रेप मामले में छह लाख रुपये की राशि ऐंठने के आरोप में तीन महिलाओं को रंगे हाथों काबू किया है। तीनों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपितों में गांव कुचराना निवासी सोनिया, यमुनानगर की कालोनी कंसोपुर निवासी महिला संगीता व सीमा शामिल है। सीआइए प्रभारी सुखदेव ने बताया कि बुधवार को गांव धमतान साहिब निवासी मलकियत ने पुलिस को शिकायत दी कि एक महिला उसके भतीजे नरेश की डेयरी में काम करती है। उसने उसके भतीजे नरेश के खिलाफ झूठा दुष्कर्म का मामला दर्ज करवा रखा है। अब वह उसके भतीजे नरेश को ब्लैकमेल कर रही है और छह लाख की मांग कर रही है। इनमें से ढाई लाख महिलाएं पहले ही ऐंठ चुकी हैं। डीएसपी नरवाना कमलदीप राणा ने गढ़ी थाना प्रभारी व सीआइए प्रभारी की ड्यूटी लगाई। इसके लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किया गया। टीम ने 3 लाख के नोटों के नंबर नोट कर शिकायतकर्ता को सौंप दिए। शिकायतकर्ता ने पैसे लेने के लिए महिलाओं को जमींदारा ढाबा के नजदीक बुलाया। जब आरोपित महिलाएं पैसे लेने के लिए आई तो टीम ने मौके से काबू कर लिया।।

**आज कोर्ट मे पेश किया जाएगा**

डीएसपी कमलदीप राणा ने बताया कि तीन दिन पहले ही सोनिया ने नरेश के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप लगाते एफआईआर दर्ज करवाई थी। उसने नरेश के साथ लीव इन में रहने के कागजात भी तैयार करवा लिए थे, लेकिन इनका मकसद पैसे ऐंठना था। इसमें सोनिया व संगीता दोनों सगी बहने हैं व सीमा ने बिचौलिए का काम किया है। तीनों को वीरवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

## जातिसूचक शब्द कह अपमानित करने के दोषी को दो वर्ष की सजा

■ अदालत ने दोषी को पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्पेशल फास्ट ट्रेक कोर्ट शिफा की अदालत ने जातिसूचक शब्द कह कर अपमानित करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए दो वर्ष का कठोर कारावास व पांच हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि गांव भंभेवा निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि गांव में प्लाट के विवाद को लेकर उनका प्रमोद आदि से झगड़ा हो गया था। इसमें प्रमोद ने उसे जातिसूचक शब्द बोल कर धमकी दी थी। पुलिस ने 2019 में प्रमोद के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस प्रवक्ता राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने ठोस साक्ष्य एकत्रित करके व गवाहों के बयान के आधार पर न्यायालय में चालान पेश किया था। बुधवार को अतिरिक्त एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट शिफा की अदालत ने प्रमोद को दोषी करार देते हुए दो वर्ष की कैद व पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए जींद पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### उप स्वास्थ्य केंद्रों में लिंग अनुपात में सुधार के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम

# बेटी केवल परिवार की पहचान नहीं बल्कि बेहतरीन राष्ट्र का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के उप मंडल नागरिक अस्पताल के साथ-साथ उप स्वास्थ्य केंद्रों में लिंग अनुपात में सुधार के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों पर बिगड़ते लिंगानुपात को सुधारने में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका पर स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा जागरूकता सभाएं आयोजित की गईं। इसके अलावा रैलियां निकालकर लोगों को बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उप मंडल नागरिक अस्पताल कलायत में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एकजुट होकर समाज को बेटियों के संरक्षण और सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेश कुमार ने कहा कि जिस समाज में बेटियों को सम्मान मिलता है वही समाज वास्तविक रूप से प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि बेटी केवल परिवार की पहचान नहीं बल्कि बेहतरीन राष्ट्र का भविष्य हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह बेटियों को समान अवसर, बेहतर शिक्षा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में अपनी भूमिका निभाए। उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना केवल सरकार की नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य विभाग भी समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने और बेटियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता रैलियां भी निकाली गईं। रैलियों में बेटी है तो कल है, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और बेटियों का सम्मान, देश का अभिमान जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में आए मरीजों एवं उनके परिजनों को भी जागरूक किया गया।



कलायत में में बेटियों के सशक्तिकरण का संदेश देते निरीक्षक सुरेश कुमार ।

**समान अधिकार सुनिश्चित करने का संदेश**

एलएचवी देवी रानी एवं संतोष, राजीव एवं मुकेश एमपीएचडब्ल्यू फीमेल, नरेश एसटीएस, राहुल फार्मेसी ऑफिसर सहित अन्य कर्मचारियों ने लोगों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने, बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने तथा समाज में समान अधिकार सुनिश्चित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन ने बेटियों की शिक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की सामूहिक शपथ दिलाई।

### बेटे के मुंह में कपड़ा ठूंस पिटाई करने वाले पिता के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** एक महिला ने अपने पति के खिलाफ बेटे के मुंह में कपड़ा ठूंस कर मारपीट और हत्या के प्रयास के आरोप लगाए हैं। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शहर थाना पुलिस ने जीरो एफआइआर दर्ज की है। क्योंकि घटना गोहाना शहर की है। इसलिए अब एफआईआर गोहाना पुलिस को भेजी जाएगी। आरा रोड निवासी हसीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसकी शादी सोनीपत के खान मोहल्ला निवासी अकबर के साथ हुई थी। फिलहाल वह पति के साथ गोहाना में बस स्टैंड के पास मच्छी वाली गली में किराये के मकान में रहती है। 15 मई रात को उसका छोटा बेटा मोहम्मद आरिश खाने के लिए कुछ मांग रहा था।

## खबर संक्षेप

### व्यापारी प्रतिनिधिमंडल पुलिस कप्तान से मिला

**जींद।** गोहाना रोड स्थित विनोद आटा चक्की संचालक से दो लाख रुपये की चौथ मांगने के मामले में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह से मुलाकात की। व्यापारियों ने जल्द से जल्द आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में सावर गर्ग, सोनू जैन, पवन बंसल, रामधन जैन सहित कई व्यापारी और समाज के गणमान्य लोग शामिल रहे।

### नाबालिग लड़की से अश्लील हरकत, केस

**जींद।** सदर थाना इलाके गांव में नाबलिग लड़की का रास्ता रोक अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार एक युवक के खिलाफ अशील हरकत करने, चाइल्ड एक्ट प्रोटेक्शन एक्ट समेत विभिन्न न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी स्कूल में पढ़ती है। दोपहर को जब वह घर आ रही थी तो आरोपित गांव भंडेरी निवासी काकुल ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी।

### विधायक से की मांग हुई पूरी : ऋषिराम डूमरखा

**उचाना।** डूमरखा कलां में ब्राह्मण धर्मशाला के जीर्णोंद्धार को लेकर 6 लाख का चेक एसडीएम रमित यादव द्वारा दिया गया। यादव ने बताया कि डूमरखा कलां की ब्राह्मण धर्मशाला के जीर्णोंद्धार को लेकर 6 लाख रुपये की राशि स्वीकृत होकर आई। इस राशि का चेक ब्राह्मण धर्मशाला के नाम से विकास एवं पंचायत विभाग द्वारा भेजा गया था। ब्राह्मण धर्मशाला समिति डूमरखा कलां के प्रधान को ये चैक सौंपा गया। प्रधान ऋषिराम शर्मा ने बताया कि विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से चौपाल के जीर्णोंद्धार के लिए मांग की थी।

### 5वीं व 9वीं कक्षा के प्रवेश के लिए पंजीकरण आज से

**उचाना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 5वीं और 9वीं में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए पंजीकरण 21 मई से शुरू होगा। विद्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार दोनों कक्षाओं में 5-5 सीटें खाली हैं। इच्छुक अभिभावक 21 मई से 25 मई 2026 तक सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजकर 10 मिनट तक विद्यालय में आकर ऑफलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण फॉर्म विद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं या विद्यालय कार्यालय से भी लिए जा सकते हैं।

### हत्या के आरोप में भाई व साले के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** अलेवा खंड के गांव संडील में मंगलवार को बड़े भाई द्वारा छोटे भाई की हत्या के मामले में अलेवा थाना पुलिस ने मृतक के भाई व साले के खिलाफ मामला दर्ज किया है। नागरिक अस्पताल में बुधवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। वारदात को अंजाम देकर हत्यारे फरार हैं। पुलिस टीमें आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर उनके संबंधित ठिकानों पर दबिश दे रही है। गांव संडील निवासी महेंद्र ने अलेवा थाना पुलिस को दी शिकायत में पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह चार भाई हैं। सबसे बड़ा रामफल, उससे छोटा व खुद व उससे छोटा सत्यवान है।

### मांगों को लेकर केमिस्टों की हड़ताल

**उचाना।** कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बुधवार को कैमिस्टों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर दुकानें बंद रखीं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि यह बंद सरकार से लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर किया गया है। इन प्रमुख मांगों में दवाइयों की कीमतों पर नियंत्रण, फार्मासिस्टों की सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं में कैमिस्टों को शामिल करना शामिल है। सुनील, बिजेंद्र, विनोद, अजय ने बताया कि ये हड़ताल देशव्यापी हड़ताल एक दिन की रही। हड़ताल से ऑनलाइन फार्मेसी को बंद करने सहित विभिन्न मांग की गई।

## सीएमओ ने जांची लेबर रूम में जच्चा और बच्चा को मिलने वाली सुविधाएं

# निरीक्षण में सफाई व बिजली की नहीं मिली पर्याप्त सुविधा

### स्वास्थ्य अधिकारियों को साथ लेकर रात को नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली व अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार रात को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह बिजली की पर्याप्त सुविधा नही मिली। वहीं लेबर रूम में भी कुछ खामियां मिली। इनको लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा एक्लेम्पसिया ट्रे में सफाई व उचित दवाइयां नहीं मिलने पर संबंधित कर्मचारियों व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

सीएमओ डा. सुमन कोहली के अलावा निरीक्षण में कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश भोला, आरएमओ डा. सुधीर, चिकित्सा अधिकारी डा. संतलाल बैनिवाल, डा. योगेश मलिक, डा. मंजू बाला, डा. दिनेश गुप्ता समेत अन्य नर्सिंग स्टाफ भी मौजूद रहा। अधिकारियों ने अस्पताल परिसर में लाइटिंग की व्यवस्था सही नहीं मिलने पर एतराज जताया। इसमें सिविल सर्जन निवास के पास, मलेरिया विभाग के पास अंधेरा मिला। इसके अलावा पानी व सीवेज व्यवस्था


लेबर वार्ड का निरीक्षण करते हुए सीएमओ डा. सुमन कोहली।

मलेरिया विभाग के पास खराब होने पर पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखने बारे निर्देश दिए। मलेरिया विभाग के सामने पार्किग एरिया में ईंटों की सही व्यवस्था नहीं होने पर उनको हटाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने लेबर रूम में कवर के साथ डस्टबिन रखने, जिस बेड की साइड रेलिंग टूटी हुई है, उसे ठीक करवाने को कहा। इसके अलावा एक मरीज की हिस्ट्री दाखिला बुक में पूरी नहीं मिलने पर भी एतराज जताया। इसके अलावा एक्लेम्पसिया ट्रे साफ नहीं मिलने पर कर्मचारियों को फटकार लगाई। वहीं एक्लेम्पसिया ट्रे में मेगनेशियम सल्फेट नहीं मिलने पर संबंधित अधिकारियों व स्टाफ नर्स को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि मंगलवार को नागरिक अस्पताल का रुटिन निरीक्षण किया है। निरीक्षण में जो खामियां मिली हैं, उन्हें दूर करने के लिए कहा गया है। दो जगह लाइट की व्यवस्था करवाने को कहा गया




निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों से बातचीत करते सीएमओ।

है। लेबर रुम में भी कुछ कमियां मिलने पर स्टाफ को निर्देश दिए गए हैं। कुछ दाखिल मरीज महिलाओं से भी बातचीत की गई। एक मरीज का हिस्ट्री पूरी तरी से नहीं लिखी गई थी। इसके अलावा हाई रिक्स प्रेगनेंसी के लिए बेड डेजिगनेट करने के निर्देश दिए गए हैं।


जींद। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए डा. बिजेंद्र ढांडा। फोटो:हरिभूमि

# उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर : डॉ. बिजेंद्र ढांडा

- आर्य समाज मंदिर में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्राम पंचायत घोघडियां के अनुरोध पर तथा सीएमओ डा. सुमन कोहली के दिशा-निर्देशन में गांव घोघडियां के आर्य समाज मंदिर में राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन), मधुमेह (डायबिटीज), हृदय रोग, कैंसर एवं बुजुर्गों की स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना रहा। डिप्टी सिविल सर्जन डा. बिजेंद्र ढांडा एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक डा. संजीत सिंह ने विशेष रूप से भाग लिया और ग्रामीणों को गैर संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच की गई। जिन मरीजों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पाई गई। उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया गया। डिप्टी सीएमओ डा. विजेंद्र ढांडा ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में गैर संचारी रोग पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुके हैं। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर एवं हृदय रोग जैसी बीमारियां धीरे-धीरे शरीर को प्रभावित करती हैं और समय पर पहचान न होने की स्थिति में गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकती हैं। डा. ढांडा ने कहा कि उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है। क्योंकि कई बार इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। लेकिन यह हार्ट अटैक, स्ट्रोक, किडनी फेलियर एवं आंखों की समस्याओं का कारण बन सकता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से अपना रक्तचाप जांच करवाना चाहिए।

# शौक से शोक की यात्रा रूपी नशे का अंतिम पड़ाव है मृत्यु : डॉ. अशोक

- नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार के दिशा-निर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के मार्गदर्शन में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संस्थान के प्राचार्य नरेश कुमार के नेतृत्व में संस्थान के अनुदेशकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। उच्चाधिकारियों के आदेश से ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डा. अशोक कुमार वर्मा संस्थान में पहुंचे और एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सालों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे डा. वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए एक स्थान से दूसरे स्थान पर नशे के विरुद्ध प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे विस्तार से समझा कर नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि नशा भावी पीढ़ियों के लिए अभिशाप है। उन्होंने बताया कि नशा मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। नशा मनुष्य के जीवन में शौक बनकर आता है और उसके जीवन का अंत शोक में परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने बताया कि यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले मां अपने बच्चे को नशा करने के लिए देती। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी या बिक्री से संबंधित कोई भी सूचना मिलने पर एनीबी नेशनल हेल्पलाइन 1933, ऑनलाइन शिकायत पोर्टल या हरियाणा एनसीबी हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबरों पर दें। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गुप्त रखा जाएगा।

### खंड स्तरीय बीपीआईयू बैठक नगूरां में संपन्न

**जींद।** खंड स्तरीय बीपीआईयू की बैठक नगुरा व जींद खंड में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में जिला समन्वयक एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी) राजेश वशिष्ठ ने अनेक महत्वपूर्ण शैक्षिक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में राजेश वशिष्ठ ने रेडिनेस क्लास प्रोग्राम, सीआरपी स्किलपास बुक, ऑप आउट बच्चों की स्थिति, पाठ्य पुस्तक वितरण, सीआरसी, एबीआरसी, बीआरपी तथा खंड शिक्षा अधिकारी की फरवरी, मार्च एवं अप्रैल माह की एफएलएन विजिट पर गहन विचार-विमर्श किया। इसके अतिरिक्त पीटीएम (पैरेंट टीचर मीटिंग) के आयोजन तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

# लिंग जांच करना कानूनी अपराध

- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत झांझ कलां में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत झांझ कलां गांव में स्वास्थ्य कर्मियों ने गांव में कई जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं की अध्यक्षता ब्लॉक एजुकेटर महेंद्र सिंह ने की सभाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान व एचपीवी वैक्सीनेशन बारे जागरूक करना था। ब्लॉक एजूकेटर महेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंग अनुपात हमारे देश के सामने एक


जींद। महिलाओं को जागरूक करते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो:हरिभूमि

गंभीर सामाजिक समस्या बन चुका है। इस समस्या के समाधान के लिए केवल सरकार ही नही बल्कि समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी रूढ़िवादी सोच त्यागनी होगी और यह समझना होगा कि संतान ईश्वर की देन है। लड़का और लड़की दोनों समान हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बेटी घर का भार नहींए बल्कि घर की रोशनी होती है। ब्लाक एजूकेटर महेंद्र सिंह ने बताया कि बेटी बचाओए बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य बालिकाओं को सुरक्षित करना, उनकी शिक्षा सुनिश्चित करना, उन्हें शोषण से बचाना तथा समाज में आत्मनिर्भर बनाना है।


जींद। जिला कारागार में मामलों की सुनवाई करते सीजेएम।

### अदालत में रखे दो मामलों में से एक का निपटान

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जेल लोक अदालत में दो मामले विचाराधीन रखे गए। जिनमें से एक मामले का मौके पर ही निपटान किया गया। विचाराधीन बंदी को अंडरगोन किया गया तथा आदेश पारित किए गए कि अगर बंदी पर और कोई केस ना हो तो रिहा किया जाए। प्राधिकरण सचिव अमित सिहाग ने जेल में रह रहे कैदियों से बातचीत कर उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता व अपील के अधिकार से अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कैदियों में हवालातियों को उनके केसों में आ रही मुश्किलों को सुना व समस्याओं के समाधान संबंधी जानकारी दी। इसके अलावा प्राधिकरण सचिव ने जेल में बंद कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की जरूरत है तो वह मुफ्त कानूनी सेवाओं के लिए प्राधिकरण के कार्यालय में भेजनी होती है।

# योग करने के लिए प्रेरित किया

- गतौली में कॉमन योग प्रोटोकाल का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आयुष महानिदेशक के आदेशानुसार आयुष विभाग जिला जींद द्वारा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के मार्गदर्शन में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों के सिलसिले में बुधवार को आयुष विभाग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गतौली में कॉमन योग प्रोटोकाल का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण का अंतिम दिन था। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में राज सिंह मंत्री भारतीय योग संस्थान ब्लॉक जुलाना उपस्थित रहे। इस


जींद। योग करते हुए साधक। फोटो:हरिभूमि

आयोजन में आयुष विभाग से डा. कुसुम नोडल अधिकारी, डा. दिक्षा, फार्मासिस्ट अमित, सुनील, देवेंद्र व ब्रीजेश्वरी, योग सहायक बलराज, संगीत, ज्योति, सोनू, मनीषा, शर्मीला मौजूद रहे व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सभी को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया गया। जिसमें जुलाना ब्लॉक के पीटीआई स्कूल के विद्यार्थी व आमजन ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। योगाभ्यास पूर्ण होने पर डा. कुसुम नोडल अधिकारी ब्लॉक जुलाना ने योगा के फायदों के बारे में जानकारी दी और प्रतिदिन अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।


जींद। कैंप में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स। फोटो:हरिभूमि

### जवाहर नवोदय विद्यालय खूंगा कोठी में एनसीसी कैंप

**जींद।** जवाहर नवोदय विद्यालय खूंगा कोठी में 15 हरियाणा एनसीसी बटालियन जींद द्वारा एटीसी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में एनसीसी के सीनियर डिवीजन एवं जूनियर डिवीजन के लगभग 500 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान कैडेट्स को देश सेवा के लिए तैयार करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनमें ड्रिल, वेपन ट्रेनिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट तथा विशेष अतिथि व्याख्यान प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कैडेट्स को प्राथमिक उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की जा रही हैं। कैंप कमांडर कर्नल जगज्योत ढोड़ी के निर्देशन एवं निरीक्षण में शिविर का उद्देश्य कैडेट्स में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा देश सेवा की भावना का विकास करना है। इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर युवाओं में आत्मविश्वास, टीम भावना एवं राष्ट्रभक्ति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन

# योगासन, प्राणायाम, ध्यान व सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

12वें अंतरराष्ट्री योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग जिला जींद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिला के निर्देशन में डीएवी स्कूल में में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग जिला जींद के पीटीआई, डीपीई एवं अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के प्रति अपनी गहरी रुचि दिखाई। तीन दिन तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत


जींद। योग क्रिया करते साधक। फोटो:हरिभूमि

विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास करवाया गया। प्रशिक्षकों द्वारा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि नियमित योग अभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि तनाव, चिंता और विभिन्न जीवनशैली संबंधी रोगों से भी बचाव करता है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। इसके अतिरिक्त अनुलोम-विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम के माध्यम से श्वास नियंत्रण एवं मानसिक शांति के महत्व को समझाया गया। प्रशिक्षकों ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि रामनारायण प्रभारी पतंजलि योग समिति जिला जींद ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ती मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं के समाधान के लिए योग अत्यंत आवश्यक है।

### आज से योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक दिवस नही बल्कि स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश है। योग व्यक्ति को अनुशासनए आत्मविश्वास एवं आंतरिक शांति प्रदान करता है तथा समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला योग कोऑर्डिनेटर डा. योगेश कुमार ने बताया कि प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार 21 मई से 23 मई तक तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में करवाया जाएगा।


उचाना। योग शिविर में योग करते एसडीएम सहित अन्य प्रतिभागी।

### भारतीय संस्कृति के योग को विश्व में मिली पहचान

**उचाना।** अंतराराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर राजकीय कन्या स्कूल उचाना मंडी में चल रहा प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर एसडीएम रमित यादव पहुंचे। उचाना खंड के पीटीआई, डीपीई को आयुष विभाग के योगाचार्य कुलदीप, सतीश कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। 60 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।एसडीएम ने जीवन में योग के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। योग हमारी प्राचीन संस्कृतिक का हिस्सा है। योग विद्यार्थियों को हर रोज करना चाहिए। योग करने से मानसिक तनाव भी दूर होता है। पीटीआई, डीपीई विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताने के साथ-साथ जो प्रशिक्षण लिया है उसके बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाए। भारतीय संस्कृति के योग को आज पूरी दुनिया में अलग पहचान मिली है। डॉ. चेतन शर्मा ने बताया कि सभी पीटीआई, डीपीई अपने स्कूलों को 21 से 23 मई तक योग की विधाओं को करवाने का कार्य करें ताकि विद्यार्थी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहे।

खबर संक्षेप

## दुकान से नकदी-फोन चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** राजोंद क्षेत्र में स्थित एक दुकान से नकदी व मोबाइल चोरी के मामले की जांच थाना राजोंद पुलिस के एचसी देवेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी राजौंद निवासी सुमित कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजोंद निवासी नीतीश कुमार की शिकायत अनुसार उसकी राजोंद में पेगां रोड़ पर मेडिकल की दुकान हैं। 18 मई को दिन में अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके दुकान का ताला तोड़कर 12 हजार रुपये नगदी, एक मोबाइल व खाता डायरी चोरी कर ले गया।

## घर से सामान चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** घर से सामान चोरी मामले में थाना सीवन पुलिस के एसआई जयभगवान की अगुवाई में एएसआई सुरेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी सीवन निवासी श्रवण कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीवन निवासी महिला चरण कौर की शिकायत अनुसार 5 मई की रात को अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर बर्तन, टुंटियां, इन्वर्टर बैटरी व 15 हजार चोरी कर ले गए। जिस बारे थाना सीवन में मामला दर्ज कर लिया गया।

## कंबाइन से मोटर व अन्य सामान चोरी

**कैथल।** गांव मानस से एक खड़ी कंबाइन से मोटर और अन्य सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मानस निवासी प्रवीन कुमार ने बताया कि उसके पास दो कंबाइन हैं। 17 मई की रात उसकी एक कंबाइन कैथल से बाबा लदाना रोड पर सड़क किनारे एक प्लॉट में खड़ी थी। अगली सुबह जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि कंबाइन से मोटर, रॉड कप और अन्य सामान गायब था। अज्ञात चोर रात के समय कंबाइन से सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 25 को

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने बताया कि आगामी 25 मई को दोपहर दो बजे आरकेएसडी कॉलेज के सभागार में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। बैठक में सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहेंगे, ताकि बैठक में रखे गए सभी समस्याओं एवं परिवादों का मौके पर समाधान हो सकें।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला लगाई

**सीवन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी गुलाम अली में एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। आओ गांव चले, थीम पर आधारित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ ममता गर्ग नेत्र विशेषज्ञ, डॉ रुचिका सूद ई.एन.टी विशेषज्ञ, डॉ अभिलाषा जैन एंडॉक्रिनलॉजिस्ट, डॉ अनुपम गाइनेकोलॉजिस्ट, डॉ कविता जिंदल पैथोलॉजिस्ट विद्यालय पहुंचे और बच्चों के स्वास्थ्य की जाँच की। प्रधानाचार्य हरपाल सिंह ने टीम का स्वागत किया। डॉ. ममता गर्ग ने आंखों से संबंधित बीमारियों के बारे में, लू में आंखों को कैसे बचाया जा सकता है, इसके बारे में जानकारी दी।

## सटोरिये से 16220 रुपये नकदी बरामद की

**कैथल।** थाना शहर पुलिस द्वारा सटोरिये को काबू कर लिया गया। कब्जे से 16220 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में एएसआई सुभाष सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली की नानकपुरी कॉलोनी कैथल निवासी व्यक्ति मकान पर सट्टा खाईवाली कर रहा है। पुलिस द्वारा मुस्तैदी का परिचय दे योजनाबद्ध तरीके से उक्त स्थान पर दबिश देकर वहां सरेआम सट्टा खाईवाली कर रहे नानकपुरी कॉलोनी कैथल निवासी अशोक कुमार को काबू कर लिया गया।

### 20,413 में से 20,106 शिकायतों का समाधान किया

# सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों के समाधान में कोताही बर्दाश्त नहीं: डीसी

**लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक में दिए सख्त निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी अपराजिता ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सर्वोच्च प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का त्वरित और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। इसलिए अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों का समाधान पारदर्शी, प्रभावी और संतोषजनक तरीके से हो। जो शिकायतें अभी तक देखी भी नहीं गई हैं, उन्हें तुरंत ऑनलाइन स्वीकार कर प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। साथ ही लंबित शिकायतों पर विशेष फोकस करते हुए उनका समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करें। निवारण हो चुकी शिकायतों की रैंडम चेकिंग की जाएगी और लापरवाही पर कार्रवाई की

- शिकायतों का निपटारा केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं होना चाहिए

जाएगी। डीसी अपराजिता मंगलवार देर सायं लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान निर्देश दे रही थीं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर सभी उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिलावार लंबित शिकायतों पर चर्चा कर समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी मनप्रीत सिंह, एडीसी डा. सुशील कुमार, सहायक आयुक्त (प्रशिक्षणाधीन) एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, एचएसवीपी ईओ वकील अहमद, एसडीएम संजय कुमार, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा सहित अन्य मौजूद रहे।

### समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए

डीसी अपराजिता ने सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की विभागवार समीक्षा करते हुए बताया गया कि कैथल जिले में अब तक कुल 20,413 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 20,106 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। जिले का कुल डिस्पोजल रेट 98.5 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जो कि अच्छा है। इसमें ओर अधिक सुधार करें। डीसी ने कहा कि शिकायतों का निपटारा केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कर समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। डीसी ने सीटीएम कार्यालय को निर्देश दिए कि सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे रैंडम आधार पर ऐसी 10 शिकायतों का चयन करें, जिन्हें विभागों द्वारा 'निस्तारित' दिखाया गया है, लेकिन शिकायतकर्ता उन समाधानों से संतुष्ट नहीं हैं। इन मामलों की समीक्षा की जाएगी। यदि जांच में किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## डीएवी स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल का गठन, 218 छात्रों को मिली जिम्मेदारी

- दिपांशु बने हेड बॉय, रजनीत कौर को सौंपी हेड गर्ल की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



गुहला-चीका। समारोह के दौरान स्टूडेंट्स काउंसिल के सदस्यों को सम्मानित करतीं प्रिंसिपल संध्या भठला व अन्य शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से स्टूडेंट्स काउंसिल का गठन किया गया। काउंसिल में कुल 218 विद्यार्थियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। स्कूल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रिंसिपल संध्या भठला ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शैक्षणिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए चार हाउस बनाए गए हैं। इनमें स्वामी दयानंद हाउस, महात्मा हंसराज हाउस, स्वामी विवेकानंद हाउस तथा स्वामी विरजानंद हाउस शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन हाउसों के लिए पिंकी गोयल, मोनिका शर्मा, संजीव गुप्ता और सुरेंद्र कुमार को इंचार्ज नियुक्त किया गया है। स्टूडेंट्स काउंसिल में दिपांशु को हेड बॉय तथा रजनीत कौर को हेड गर्ल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## नशामुक्त समाज और सड़क सुरक्षा को लेकर रेडक्रॉस सोसायटी ने युवाओं को किया जागरूक

**कैथल।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कैथल द्वारा डीसी अपराजिता के मार्गदर्शन में करनाल रोड स्थित नए रेडक्रॉस भवन में नशा जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक बनाना रहा। सेमिनार में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली और संकल्प लिया कि वे स्वयं नशीले पदार्थों से दूर रहेंगे तथा समाज को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव राम जी लाल ने कहा कि किसी भी सामाजिक समस्या के समाधान के लिए जागरूकता सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर समाज निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।



कैथल। युवाओं को जागरूक करते रेडक्रास सोसायटी के अधिकारी।



कैथल। प्लेसमेंट उपरांत एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी।

## प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्रों का हुआ चयन

**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में नवम कंट्रोल प्रा. लि. मोहाली द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया था। इस प्लेसमेंट ड्राइव में बीबीए एवं एमबीए के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह विद्यार्थियों के लिए अपने व्यावसायिक करियर की शुरुआत करने का एक सुनहरा अवसर रहा। कंपनी द्वारा चयनित विद्यार्थियों को ऑफर लेटर जारी किए गए। स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कौशल एवं प्रदर्शन के आधार पर चयन प्राप्त किया। चयनित विद्यार्थियों में उपासना, भवनीत, अंजली एवं यगून शामिल रहे। चयनित हुए छात्रों को कंपनी की ओर से 3 लाख का पैकेज मिला है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर माननीय चेयरमैन, कुलपति, रजिस्ट्रार, डीन अकादमिक्स एवं डीन, स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने चयनित विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## शिक्षा सिर्फ डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। आइजी कालेज में अतिथियों का स्वागत करते पदाधिकारी।

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि एवं इन्दिरा गांधी महिला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विषय पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्कृत विवि के प्राचार्यों द्वारा वैदिक मंगलाचरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या द्वारा सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कैथल की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा महिला शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का आधार है तथा महिला शिक्षा के संवर्धन में महाविद्यालय निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलगुरु आचार्य राजेंद्रकुमार अनायत ने मुख्य वक्ता का परिचय देते शिव के साधनात्मक एवं आध्यात्मिक स्वरूप को स्पष्ट किया। मुख्य वक्ता प्रो. राज नेहरू ने अपने व्याख्यान में कश्मीर शैव दर्शन एवं प्रत्यभिज्ञा दर्शन की गहन व्याख्या प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि सामान्यतः लोग शिव की कल्पना कैलाश, शिव-पार्वती एवं अन्य प्रतीकों के माध्यम से करते हैं।

### 104 वर्षीय माता शांति देवी के स्वागत में उमड़ा आदर्श स्कूल जाखौली परिवार

# जीवन में मेहनत, अनुशासन व संस्कार ही सबसे बड़ी ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद



राजौंद। माता शांति देवी का स्वागत करते तथा झूला झुलाते प्राचार्य, स्टाफ सदस्य।

आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में 104 वर्षीय माता शांति देवी का भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिसर में सम्मान, संस्कार और प्रेरणा का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य ओ.पी. शर्मा के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने माता शांति देवी का फूलमालाओं, पुष्प वर्षा और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुई। विद्यार्थियों ने बुजुर्ग सम्मान, देशभक्ति एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, नाटक एवं कविताओं ने उपस्थित सभी को भावुक कर दिया। "बुजुर्गों का सम्मान हमारी पहचान" जैसे नारों से विद्यालय परिसर गूंज उठा। प्राचार्य ओ.पी. शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि माता शांति देवी का जीवन संघर्ष, मेहनत, सादगी एवं संस्कारों की प्रेरणादायक मिसाल है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार अपनाने तथा अपने माता-पिता एवं बुजुर्गों का सम्मान करने का संदेश दिया।

### लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी

माता शांति देवी ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि जीवन में मेहनत, ईमानदारी, अनुशासन और संस्कार ही सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने युवाओं को नशे, मोबाइल की लत और गलत संगति से दूर रहकर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी। उनके प्रेरणादायक शब्द सुनकर कई विद्यार्थियों और अभिभावकों की आंखें नम हो गईं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापकों एवं स्टाफ सदस्यों ने भी माता शांति देवी से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई और पूरे विद्यालय परिवार ने इस दिन को एक प्रेरणादायक एवं यादगार पल के रूप में मनाया।

न्यूज डायरी



## योग से तन स्वस्थ और मन प्रसन्न : मिड्ढा

**सीवन।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में महानिदेशक आयुष हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का समापन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में हुआ। कार्यक्रम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। शिविर के अंतिम दिन पीटीआई एवं डीपीआई को योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की देखरेख नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मेहता ने की। पतंजलि योग समिति के सुधीर मिड्ढा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाती है।



## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण करें

**कलायत।** एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में बुधवार को बंधुआ मजदूरी के उन्मूलन और रोकथाम के लिए गठित उपमंडल स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और समिति सदस्यों ने भाग लिया। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए प्रभावी निगरानी और कानूनी प्रावधानों शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने श्रम विभाग, पुलिस विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपमंडल के अंतर्गत आने वाले ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों, कृषि क्षेत्रों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर नियमित रूप से औचक निरीक्षण करें।



## योग स्वस्थ व संतुलित जीवन का आधार : डा. दहिया

**कैथल।** जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सातों खंडों में आयोजित शारीरिक शिक्षा अध्यापकों (पीटीआई) और शारीरिक प्रवक्ताओं (डीपीआई) के लिए आयोजित तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का विधिवत समापन किया गया। समापन अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने कहा कि जीवन की प्रगति एवं स्वयं की मति को अच्छा बनाने के लिए दिनचर्या में योग अपनाना जरूरी है। यह स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और थायराइड जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों से बचाव के लिए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है।



## जरूरतमंदों की सेवा में श्री साई रोटी बैंक के 5 वर्ष पूरे

**गुहला-चीका।** शहर की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था साई राम पिंगलवाड़ा सेवा आश्रम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री साई रोटी बैंक ने जरूरतमंदों की सेवा के पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। ट्रस्ट की ओर से शहर का पहला रोटी बैंक आज ही के दिन पांच वर्ष पहले शुरू किया गया था, जो लगातार प्रतिदिन सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को दोपहर का भोजन उपलब्ध करवा रहा है। ट्रस्ट के संरक्षक एवं कैशियर प्रोफेसर रामलाल वाधवा ने बताया कि जरूरतमंदों की सेवा के उद्देश्य से शुरू किए गए इस रोटी बैंक में आधुनिक मशीनों की सहायता से प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार का भोजन तैयार किया जाता है।

## सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगवाने पर दिया जा रहा अनुदान

**कैथल।** ग्रामीण क्षेत्रों और पंचायतों को रोशन करने के उद्देश्य से नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत पात्र संस्थाओं को अनुदान पर सोलर स्ट्रीट लाइट उपलब्ध करवाई जाएंगी। ग्राम पंचायतें, पंचायत समितियां, जिला परिषद, सरकारी संस्थाएं तथा गैर-लाभकारी संस्थाएं (एनजीओ) इस योजना का लाभ उठा सकती हैं, जोकि 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर दिया जाएगा। एडीसी डॉ. सुशील मलिक ने बताया कि विभाग ने महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा सरकार के माध्यम से सोलर स्ट्रीट लाइट्स का रेट कॉन्ट्रैक्ट किया है, जिसकी वैधता 28 जनवरी 2027 तक रहेगी।

## पीटीआई एवं डीपीआई को दिया योग प्रशिक्षण

**पूंडरी।** आयुष विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग और हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व, पुण्डरी में स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में, योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. किरणदीप ने किया, जिन्होंने कहा कि योग सिर्फ शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि यह जीवन का एक तरीका है, जो मन, शरीर और आत्मा को जोड़ता है।

## 30 मई को होगा माता रानी का विशाल जागरण

**सीवन।** मां वैष्णो सेवा समिति द्वारा 30 मई को भाई उदय सिंह के किले में आयोजित होने वाली माता रानी की भव्य चौकी एवं विशाल भंडारे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति की एक अहम बैठक प्रमुख सदस्य कंवल संदूजा के सीवन कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

# सांसद जिन्दल की पहल पर सेरधा के खिलाड़ियों को मिला खेल प्रोत्साहन

- क्रिकेट किट वितरण कर युवाओं को खेलों से जुड़ने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजौंद खंड के गांव सेरधा में सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्रिकेट किट वितरित की गई। इस दौरान खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

सांसद के जिला कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि नवीन जिन्दल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भी खेलों के लिए समान अवसर और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि सांसद के मार्गदर्शन में आयोजित 'सांसद खेल महोत्सव' के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का मंच मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी पहलें युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर प्रेरित करती हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है।

**सूचना**

मैं, सन्तरो पत्नी स्व. श्री बलबीर पुत्र श्री टेकराम निवासी गांव भिड़ताना, तहसील सफीदों जिला जीन्द बयान करती हूं कि मेरा पुत्र कपतान और उसकी पत्नी मीना और कपतान का पुत्र प्रवेश मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल शॉप में घुसकर की मारपीट और लूट

**कैथल।** राजौंद के मेन रोड स्थित एक मोबाइल कम्यूनिकेशन की दुकान में घुसकर युवकों ने मारपीट, तोड़फोड़ कर हंगामा किया।
शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपी दुकान से नकदी, मोबाइल फोन और सोने की चेन भी ले गए। राजौंद पुलिस को दी शिकायत में गांव नरवल के मोहित ने बताया कि उसकी राजौंद मेन रोड पर बड़ा भाई छोटा भाई नाम से मोबाइल कम्युनिकेशन की दुकान है। 14 मई की शाम करीब 6:30 बजे राजौंद निवासी सुखबीर, मैनपाल, राजू, श्रवण, प्रिंस, बंटी, लक्ष्य, गोपाल, गोलू, केसव और नरवल निवासी ललित उर्फ छत्रपाल सहित अन्य युवक उसकी दुकान पर पहुंचे।

### टोयोटा शोरूम में घुसकर कर्मचारियों से की मारपीट

**कैथल।** अंबाला रोड स्थित ग्लोब टोयोटा शोरूम में घुसकर हंगामा करने, कर्मचारियों के साथ मारपीट करने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है।
थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में ग्लोब ऑटोमोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट हेड दीपक कपूर ने बताया कि कंपनी अंबाला रोड स्थित शोरूम से टोयोटा वाहनों की बिक्री और सर्विस का कार्य कर रही है। कंपनी साल 2027 तक लीज पर लिए गए परिसर में संचालित हो रही है। 19 मई सुबह करीब 10 बजे मनजीत कुमार, दिलबाग राय उर्फ डोरा, निशांत डोरा, गोल्डी तथा 6-7 अन्य लोग रॉड, तेजधार हथियार लेकर जबरन शोरूम में घुस आए।

### नकली नोट रखने का आरोपित भेजा जेल

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों द्वारा नकली नोट रखने के आरोपित गांव सांघी (रोहतक) गांव निवासी रितेश को बुधवार को दो दिन के रिमांड के बाद अदालत में पेश किया। पुलिस को रितेश से कुछ अहम सुराग मिले हैं। जिसमें जल्द ही कुछ और आरोपितों की गिरफ्तारी हो सकती है। गौरतलब है कि सीआईए सफीदों टीम ने रोहतक जिले के गांव सांघी निवासी रितेश को साढ़े 66 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ 17 मई शाम को गिरफ्तार किया था। आरोपित के पास से 500-500 रुपये के 133 नोट बरामद किए थे। आरोपित को पुलिस ने सोमवार को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया था।

## प्रदेश में बाहरी युवाओं को नौकरी दे रही भाजपा : राव नरेंद्र

# महंगाई, बेरोजगारी व पेपर लीक पर कांग्रेस ने किया रोष प्रदर्शन

**जनता की समस्याओं को सुलझाने में पूरी तरह से विफल हुई भाजपा सरकार : रिषिपाल हैबतपुर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद





जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी तथा मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, सीएनजी समेत दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में निरंतर हो रही बेहताशा वृद्धि, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, बिगड़ी कानून व्यवस्था और जींद बायो गैस प्लांट जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जींद जिला मुख्यालय पर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मुख्यअतिथि के रूप में शामिल होकर इस धरना प्रदर्शन का नेतृत्व किया। जबकि कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व आम नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शन की खास बात यह रही कि कांग्रेस के विभिन्न गुटों से जुड़े नेता और कार्यकर्ता एक मंच पर एकजुट नजर आए। इस मौके पर पूर्व विधायक सुभाष देशवाल, राजू लखीना, वजीर गांगोली, इशाक खान भट्टी, कमल चौहान, प्रमोद सहवाग, अशोक मलिक, पवन, दिनेश डाहोला, वीरेंद्र जागलान, विजेंद्र ढाठरथ, सारंग ढाठरथ, सतपाल सत्तू, दीपक पिंडारा, अमनदीप बेलरखां, महावीर गुप्ता सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है और हरियाणा के युवाओं को रोजगार देने के बजाय बाहरी राज्यों के युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नीट समेत कई महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक होने से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से परेशान होकर कई बेरोजगार युवा आत्महत्या तक करने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और सीएनजी के लगातार बढ़ते दामों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। हर वर्ग महंगाई से परेशान है लेकिन सरकार जनता की समस्याओं की ओर ध्यान देने के बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है। जींद में लोगों द्वारा बायो गैस प्लांट का विरोध किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश यात्राओं को लेकर पूछे गए सवाल पर राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जनता को विदेश न जाने और सोना न खरीदने की सलाह देते हैं। जबकि स्वयं लगातार विदेश यात्राएं कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि देश और प्रदेश की जनता भाजपा के जनविरोधी चेहरे को पहचान चुकी है और आने वाले समय में इसका जवाब देगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यदि कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता एकजुट होकर जनता के मुद्दों पर संघर्ष करें तो भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर किया जा सकता है। कांग्रेस जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में भारी अंतर है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, युवा और पिछड़े वर्ग सरकार की नीतियों से बेहद परेशान हैं। भाजपा सरकार जनता के मुद्दों को सुलझाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

**कांग्रेस उठा रही आमजन की आवाज**

रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही सडक से लेकर संसद तक जनता की आवाज मजबूती से उठा रही है और आने वाला समय कांग्रेस का है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गोहाना रोड कोर्ट मोड़ पर विशाल धरना दिया और इसके उपरांत लघु सचिवालय तक प्रदर्शन करते हुए उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

# हांसी ब्रांच नहर के पास स्वर्ग आश्रम में बनाया इको फ्रेंडली बर्ड टावर

- जयंतपुरी फाउंडेशन की अनूठी पहल, पक्षियों के लिए इको फ्रेंडली बर्ड टावर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। हांसी ब्रांच नहर के स्वर्ग आश्रम में पक्षियों के लिए बनाया गया इको फ्रेंडली बर्ड टावर।

जयंती देवी मंदिर के पास से गुजर रही हांसी ब्रांच नहर के पास के बने स्वर्ग आश्रम में पक्षियों के लिए इको फ्रेंडली बर्ड टावर का निर्माण किया गया है। यह टावर बन कर तैयार हो गया है। यह सब जयंतपुरी फाउंडेशन के प्रयासों से संभव हो पाया है और यह जींद में पक्षियों को आश्रयदेने के लिए अनूठी पहल है। जयंतपुरी फाउंडेशन द्वारा नहर की पटरी के पास स्वर्ग आश्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष इको फ्रेंडली बर्ड टॉवर का बनाया है। यह बर्ड टॉवर विशेष मटेरियल से तैयार किया गया है, जो पर्यावरण के साथ-साथ पक्षियों के लिए सुरक्षित है।

**तीन साल में 10 बर्ड टावर लगाने का लक्ष्य**

जयंतपुरी फाउंडेशन ने आगामी 3 सालों में शहर में ऐसे 10 बर्ड टॉवर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। फाउंडेशन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास उपलब्ध करवाना है। संजय सैनी ने कहा कि शहरीकरण और पेड़ों की कमी के कारण पक्षियों के प्राकृतिक आवास समाप्त होते जा रहे हैं। ऐसे समय में जयंतपुरी फाउंडेशन की यह पहल समाज को पर्यावरण एवं जीव, जंतुओं के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी।

# रक्तदान से जरूरतमंद व्यक्ति को मिल सकता है नया जीवन : सचिन

- शिविर में युवाओं ने दिखाया उत्साह, 118 यूनिट रक्त किया एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। शिविर में रक्तदान करते हुए युवा।

डीआरडीए के सामने की हुडा मार्कीट में जींद टेस्ट लैब द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं में खासा उत्साह दिखा। कैंप में 118 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। लैब संचालक सचिन शर्मा के अनुसार रक्तदान करने वालों में सबसे ज्यादा भागीदारी युवाओं की रही। कैंप में अर्बन ठेका रेस्टोरेंट के मालिक साहिल सिवाच ने भी रक्तदान किया। साहिल सिवाच ने रक्तदान करने के बाद कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती। बहुत से लोगों में यह भ्रांति रहती है कि रक्तदान करने के बाद व्यक्ति कमजोर हो जाता है लेकिन ऐसा नहीं है बल्कि रक्तदान के बाद शरीर में नए रक्त का संचार होता है और शरीर को स्फूर्ति मिलती है। लैब संचालक सचिन ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा जाता है। क्योंकि यह किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का कार्य करता है। आज के समय में सड़क दुर्घटनाएं, बड़ी सर्जरी, प्रसव के दौरान होने वाली समस्याएं, थैलेसीमिया और कैंसर जैसी बीमारियों में मरीजों को समय पर रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में रक्तदान करने वाले लोग मानवता की सबसे बड़ी सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों की जान बचा सकता है।

### योग शारीरिक, मानसिक व आत्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम : डॉ. कमलेश भाणा

**गुहला-चीका।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय चीका में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया के निर्देशन में कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शारीरिक शिक्षकों को योगाभ्यास एवं व्यायाम का प्रशिक्षण दिया गया। 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों के तहत जिलेभर में कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को आयुष विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। आयुष विभाग के ए.एम.ओ. डॉ. विक्रमजीत सिंह के निरीक्षण में पतंजलि योग समिति के जिलाध्यक्ष आचार्य हरिओम तथा आयुष विभाग के योग सहायक संदीप सिंह और सुखदेव सिंह ने प्रतिभागियों को निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का क्रमबद्ध एवं विस्तृत प्रशिक्षण दिया। योग सहायकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं शिथिलीकरण अभ्यासों का विधिवत अभ्यास करवाया तथा प्रत्येक क्रिया की सही विधि और स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी।



गुहला-चीका। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में योगाभ्यास करते शिक्षक।

# बेटियों की सुरक्षा और सम्मान प्रदान करना हम सबका दायित्व : डॉ. चावला

- कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए धर्म गुरुओं ने स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला बैठक को संबोधित करते हुए।

बेटियों के सुनहरे भविष्य और समाज में लिंगानुपात को संतुलित करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग कैथल ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। बुधवार को कार्यालय सिविल सर्जन कैथल मे विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि धर्म गुरुओं के साथ एक बेहद महत्त्वपूर्ण और सकारात्मक बैठक हुई। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला, उप सिविल सर्जन डॉ. बलविन्द्र गर्ग, जिला नोडल अधिकारी (पीएनडीटी)डॉ. सचिन मान्डले, उप सिविल सर्जन डॉ. विकास धवन, चिकित्सा अधिकारी (पीएनडीटी) डॉ. अजय कुमार ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पीसी-पीएनडीटी एक्ट के प्रति समाज को जागरूक करना और कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराइयों को जड़ से मिटाना रहा। सिविल सर्जन डॉ. रेणु द्वारा उपस्थित धर्म गुरूओं से कन्या भ्रूण हत्या जैसे सामाजिक समस्या पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बेहद सकारात्मक संदेश देते हुए कहा कि बेटियों की सुरक्षा और सम्मान केवल सरकार या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाजसेवियों, धार्मिक संगठनों और जागरूक नागरिकों की भागीदारी सबसे अहम है।



अलेवा। चांदपुर गांव के आंनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण करती एएनएम अनिता।

### बीमारी को दूर भगाएं, सही समय पर बच्चों व गर्भवतियों को टीका लगवाएं : नरेंद्र ढांडा

**अलेवा।** स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगूरां, चांदपुर, मांडी खुर्द, दालमवाला समेत चार गांवों में बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को बीमारियों के टीके लगाए। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने लोगों को बीमारी को दूर भगाएं, सही समय पर बच्चों को टीका लगवाएं नामक स्लोगनों से जागरूक किया। स्वास्थ्य निरीक्षक ने चांदपुर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर गर्भवती महिलाओं व लोगों को टीकाकरण के फायदे बताते हुए कहा कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं को संक्रमक बीमारियों से बचाने के लिए समय-समय पर टीके अवश्य लगवाएं। पोलियो और चेचक जैसी घातक बीमारियां टीकाकरण से ही खत्म हुई है। टीकाकरण से बच्चों और महिलाओं में रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढती है। जिससे बीमारियों का खतरा जैसे काली खांसी,गल घोटू, दिमागी बुखार, टेटनेस, पोलियो, दस्त, खसरा, निमोनिया तथा टीबी आदि से छुटकारा मिलेगा। जिन गर्भवती महिलाओं में खून की कमी है उनको हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड, चना, का सेवन करें ताकि उनका स्वास्थ्य स्वस्थ रह सके।

# बिना नंबर प्लेट वाहनों के खिलाफ जिला पुलिस का विशेष अभियान

- एक दिन में किए 58 वाहनों के चालान, 53 वाहन इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। पुलिस द्वारा हिरासत में ली गई बिना नंबर की बाइक। फोटो :हरिभूमि

यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों को लेकर चलाए गए अभियान के तहत बिना नंबर प्लेट चल रहे कुल 58 वाहनों के चालान किए गए, जबकि गंभीर नियम उल्लंघन पाए जाने पर 53 वाहनों को इंपाउंड भी किया गया। पुलिस टीमों द्वारा शहर के मुख्य चौक-चौराहों, बाजारों, हाईवे मार्गों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान ऐसे वाहन चालकों पर विशेष नजर रखी गई जो बिना नंबर प्लेट, फर्जी नंबर प्लेट अथवा नियमों के विपरीत मॉडिफिकेशन कर वाहन चला रहे थे। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि बिना नंबर प्लेट वाहन चलाना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि इससे आपराधिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सकता है। कई बार अपराधी तत्व पहचान छिपाने के उद्देश्य से बिना नंबर प्लेट वाहनों का प्रयोग करते हैं, जिस कारण ऐसे वाहनों के खिलाफ जिला पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सरकार का फूंका पुतला

- 24 व 25 मई को केबिनेट मंत्री कार्यालय पर डालेंगे पडाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी।

ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला फूंक कर रोष जताया। प्रदर्शन से पहले ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने अपनी हडताल जारी रखी और लघु सचिवालय के निकट धरना दिया। धरनारत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीटू के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह व ग्रामीण सफाई कर्मचारी संगठन के जिला प्रधान संजय अठवाल ने कहा कि 19 साल से ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का भयंकर शोषण हो रहा है। ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को न कर्मचारी का दर्जा दिया जा रहा और ना ही पूरा वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण सफाई कर्मचारी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि आगामी 24 व 25 मई को प्रदेशभर का सफाई कर्मचारी नरवाना में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के कार्यालय पर आक्रोश महापड़ाव डाला जाएगा। जिला सचिव पवन कुमार ने कहा कि यूनियन मांग करती है कि कच्चे सफाई कर्मियों को एक कलम से पक्का किया जाए। 31 दिसंबर 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश को लागू किया जाए।

# वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की बढ़ती संख्या समाज का पतन : बहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद




आदर्श विद्या मंदिर स्कूल, राजौंद में "संगम – गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन" अभियान के तहत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी संस्था से आई बहन ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों को अपनाने और जीवन में बुजुर्गों के सम्मान का महत्व समझाया।
उन्होंने बच्चों एवं अध्यापकगण को बड़े-बुजुर्गों के प्रति आदर-सम्मान बनाए रखने की प्रतिज्ञा भी दिलवाई। उन्होंने वर्तमान समय में बुजुर्गों की हो रही उपेक्षा और उनकी दयनीय स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज कई बुजुर्ग अपने ही परिवार में प्रताड़ना का सामना कर रहे हैं और वृद्धाश्रमों में उनकी बढ़ती संख्या समाज के नैतिक पतन को दर्शाती है। ब्रह्माकुमारी बहनने ने इस समस्या के समाधान के रूप में आध्यात्मिक जागरूकता को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को हमेशा अपने बड़ों के साथ रहकर उनके अनुभवों से सीखना चाहिए। बुजुर्गों को उन्होंने छायादार वृक्ष की संज्ञा देते हुए कहा कि वे जीवनभर हमें मार्गदर्शन और संस्कार देते हैं। प्रिंसिपल नीलम शर्मा ने कहा कि यह अभियान समाज के संवेदनशील विषय को प्रभावी ढंग से उजागर करता है।

### पेट्रोल-डीजल- गैस की कीमतों पर बढ़ोत्तरी के खिलाफ 22 को कांग्रेस का रोष प्रदर्शन



**कैथल।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुदीप सुरजेवाला ने कहा कि मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों ने आम जनमानस को बुरी तरह प्रभावित किया है। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि से आम आदमी की जेब पर भारी बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आमजन की पीड़ा को नजरअंदाज कर रही है। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ दी है। प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी कैथल के अध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढाँड करेंगे तथा मुख्यातिथि के रूप में सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला व प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह उपस्थित रहेंगे। इस धरना प्रदर्शन में कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला भी शामिल रहेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## तालाब के दलदल में गिरकर पशु दे रहे जान, ग्रामीण परेशान

# पंचायत की अनदेखी के चलते तालाब में गंदगी का आलम

**प्रशासन बना मूकदर्शक, तालाब की सफाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अलेवा



अलेवा। थुआ गांव में तालाब में गिरे पशु को निकालते ग्रामीण।

गांव थुआ में जिला प्रशासन के अधिकारियों की अनदेखी के चलते डाबला वाला तालाब दलदल का रूप धारण कर चुका है। इसी दलदल में आए दिन पशु गिर कर जान दे रहे हैं। हालांकि गांव की पंचायत ने इस तालाब बाबत करीब दो महिने से साफ-सफाई को लेकर प्रस्ताव भेजे जाने की बात कही है।
गांव थुआ निवासी कपिल देव, आर्यन, साहिल, अनूप, अमन, नीरज, काला, परवीन, नरेश, नवीन आदि ने बताया कि गांव में डाबड़ा वाला तालाब जिला प्रशासन की अनदेखी के चलते काफी समय से पशुओं तथा आमजन के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। तालाब गंदगी के कारण एक दलदल का रूप धारण कर चुका है। तालाब का पानी भी पूरी तरह से दूषित हो चुका है। तालाब की साफ.-सफाई न होने के कारण गांव में मलेरिया, डेंगू जैसी संक्रमित बीमारियों को भी बढ़ावा मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार खंड विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों तथा ग्राम पंचायत से तालाब की बदहाल व्यवस्था को सुधारने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्हें आज तक आश्वासनों के सिवा, कुछ भी हासिल नहीं हो पाया।

**गंदगी जमा होने से वातावरण दूषित**

गांव के लोगों ने बताया कि जो यह तालाब है वह आबादी के साथ लगता है। साफ.-सफ ाई के अभाव के चलते गंदगी जमा होने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है। तेज हवा चलने के कारण तालाब से उठने वाली बदबू आसपास घरों के अलावा पूरे आबाद ी को दूषित कर रही है। जिसके कारण गांव के लोगों में जिला प्रशासन के आलाधिकारियों के प्रति रोष है।

**योजना के बाद भी सौंदर्यीकरण नहीं**

गांव के लोगों के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा तालाबों के सौंदर्यकरण को लेकर अमृत सरोवर योजना चलाई हुई है लेकिन गांव के डाबला वाला तालाब आज भी अपने सौंदर्यकरण की बाट जोह रहा है। सरकार द्वारा चलाई गई अमृत सरोवर योजना के बाद भी तालाब का सौंदर्यकरण नहीं हो पाया।

**बजट का अभाव : सरपंच**

थुआ गांव के सरपंच प्रतिनिधि राजेश ने बताया कि गांव में डाबड़ा वाले तालाब के सौंदर्यकरण तथा साफ-सफाई को लेकर पंचायत ने प्रस्ताव डाला हुआ है, लेकिन अधिकारियों द्वारा बजट की कमी बताकर ऐसे ही काम को काफी समय से लटकाया जा रहा है। तालाब में काफी दलदल बन चुकी है और इसका पशु भी शिकार हो रहे हैं। इसके लिए जल्द अधिकारियों से मिलकर तालाब के सौंदर्यकरण को लेकर बात की जाएगी।